खाली गमला

एक चीनी लोक कथा

शार्लेट, चित्र: स्टीव डोरैडो

खाली गमला

एक चीनी लोक कथा

पात्र

चेंग, एक मेहनती माली

सम्राट

वेई, और चेंग के गांव के अन्य लड़के

कई साल पहले चीन में एक सम्राट था जिसकी कोई संतान नहीं थी. जैसे-जैसे वो बूढ़ा होता गया, उसने अपनी मृत्यु होने से पहले अपने सिंहासन को संभालने के लिए किसी उत्तराधिकारी को चुनने की सोची.

सम्राट ने एक प्रतियोगिता आयोजित करने का फैसला किया. उसने उस हर लड़के को आमंत्रित किया जो सम्राट बनना चाहता था.

कई लड़के महल में आए. सम्राट ने प्रत्येक लड़के को एक-एक बीज बोने को दिया.

"जो लड़का सबसे बड़ा पौधा उगाएगा वही अगला बादशाह बनेगा," सम्राट ने घोषणा की.

लड़कों में से एक, चेंग नाम का एक गरीब लड़का, बहुत अच्छा माली था. वो हमेशा कड़ी मेहनत करके अपने बगीचे की निराई करता और पौधों में पानी डालता था. चेंग अपने बीज को बहुत सावधानी से घर लाया.

चेंग ने अपना बीज एक गमले में बोया. उसने उसे रोज पानी दिया. गाँव के अन्य सभी लड़कों ने भी वैसा ही किया.

लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया चेंग को बीज बढ़ने का कोई संकेत नहीं मिला.

एक दिन, वेई नाम के एक लड़के ने गाँव में सभी को बताया कि उसका बीज बहुत तेजी से बढ़ रहा था. उसने शेखी बघारी कि उसका पौधा बहुत बड़ा होगा. वेई को यकीन था कि वो ही सम्राट बनेगा क्योंकि किसी और लड़के का बीज बढ़ ही नहीं रहा था.

जैसे-जैसे समय बीतता गया, गाँव के सभी लड़के इस बारे में चर्चा करने लगे कि उनके बीज कितनी तेज़ी से बढ़ रहे थे. लेकिन फिर भी चेंग के गमले का बीज बिल्कुल नहीं उगा.

जैसे-जैसे महीने बीतते गए, दूसरे लड़कों के पौधे लम्बे हुए और उनमें सघन पत्ते लगे.

फिर भी चेंग का बीज नहीं बढ़ा. उसने उसे एक बड़े गमले में डालने की कोशिश की. लेकिन उससे भी कुछ नहीं हुआ.

वेई, चेंग के खाली गमले पर हंसा. चेंग ने अपने माता-पिता से सलाह ली. उन्होंने बस इतना ही कहा कि उसने बीज की बहुत अच्छी तरह से देखभाल की थी.

छह महीने बाद सम्राट ने सभी लड़कों को वापस महल में बुलाया. दूसरे लड़के पत्तों, फूलों और फलों से लदे बड़े-बड़े पौधे लेकर महल में पहुंचे. चेंग के पास केवल खाली गमला था. लेकिन जब सम्राट ने चेंग का खाली गमला देखा, तो वो मुस्कुराए!

मैंने तुम्हें जो बीज दिए थे, वे सब उबले हुए थे, उन बीजों में से कोई भी पौधा नहीं उग सकता था!" बादशाह ने लड़कों से कहा. "चेंग, बाकी लड़कों में तुम अकेले ही ईमानदार हो. तुम ही अगले सम्राट बनोगे!"

फिर चेंग और उसका परिवार महल में रहने के लिए चले गए. वे हमेशा के लिए खुश रहे. और जब चेंग बड़ा हुआ, तो वो चीन के सबसे महान सम्राटों में से एक बना.

समाप्त